महाविद्यालय प्रांगण को शत–प्रतिशत प्लास्टिक व पॉलिथीन मुक्त करने के अभियान का आरंभ

अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के पर्यावरण क्लब के तत्वावधान में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ । विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता ने बताया कि आज पर्यावरण का संरक्षण समय की सबसे बड़ी माँग है। उन्होंने यह भी बताया कि महाविद्यालय प्रशासन कॉलेज प्रांगण को शत–प्रतिशत प्लास्टिक व पॉलिथीन मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस कार्य के लिए पर्यावरण क्लब के धरती मित्रों की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि इस अभियान को पूरा करने में महाविद्यालय के तीनों संभागों की कैंटीनों को प्लास्टिक के बर्तनों के प्रयोग को पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित करने के आदेश दिए गए हैं। पर्यावरण क्लब के विद्यार्थियों ने अपने आस–पास के क्षेत्र में जागरूकता के लिए एक रैली निकाल कर संदेश दिया । क्लब के विद्यार्थी सदस्यों (धरती–मित्रों) के लिए पी.पी.टी. प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के अंत में बेहतरीन पी.पी.टी. प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को जूट के थैले वितरित किए गए। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. रेखा रानी और किरण आनन्द (पर्यावरण क्लब संयोजिका) ने किया। इस आयोजन में वन्दना, कविता, अमित, हिमांशु, रमा, गरिमा, गीतिका, दीपिका, कोमल, नूतन, थरमेश, सपना, वर्षा, तान्या ने विशेष सहयोग किया ।